बरेली, बुधवार
5 अप्रैल, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

Page No. II :Top

गंगाशील और एयरफोर्स ने जीते अपने-अपने मैच

जासं, बरेली : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में गंगाशील एकेडमी ने 22 यार्डर्स को 12 रन से हराया। वहीं एयरफोर्स ने आइके कलेक्शन को नौ विकेट से हराकर मैच अपने नाम किया। पहला मैच 22 यार्डर्स और गंगाशील क्रिके एकेडमी के बीच हुआ। गंगाशील बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 135 रन का स्कोर बनाया। 22 यार्डर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.4 ओवरों में महज 123 रन पर आलआउट हो गई। दूसरे मैच में आइके कलेक्शन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम 19.5 ओवर में महज 100 रन बना कर सिमट गई। एयरफोर्स की टीम ने नौ विकेट से मैच जीत लिया। अन्नू को मैन आफ द मैच चुना गया।